सुविचार

रिश्तों की सिलाई अगर भावनाओं से हुई है तो टूटना मुश्किल है और अगर स्वार्थ से हुई है, तो टिकना मुश्किल है

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-03 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 25 फरवरी 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## पुलिस थाना प्रभारी किस प्रकार के अपराध की एफआईआर दर्ज करने से मना नहीं सकता है , जानिए/IPC.... I

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के अंतिम थाने के थाना प्रभारी का कर्तव्य है कि वह किसी संज्ञेय अपराध होने पर बिना अन्वेषण किए तुरंत एफआईआर दर्ज करें लेकिन बहुत से लोक-सेवक ऐसे होते हैं वह जानबूझकर का अपने कर्तव्यों के पालन की उपेक्षा करते हैं।



भारत सरकार द्वारा IPC मे वर्ष 2013 में संशोधन कर महिलाओं पर होने होने वाले निम्न अपराधों की एफआईआर दर्ज करने से कोई भी थाना प्रभारी मना नहीं कर सकता है जानिए-

1.महिला को गंभीर क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से उस पर एसिड फेकना या फेकने का प्रयास करना(धारा 326 एवं 326 क में अपराध)।

2.महिला के चरित्र को भंग करने के उद्देश्य से हमला करना या बल प्रयोग करना,अश्लील गाने गाना, बिना अनुमति के फोटो, वीडियो बनाना एवं उनको सेंड करना, आपत्तिजनक टिप्पणी करना, पीछा करना, ह्यद्वह्य, कॉल आदि करके महिलाओं को परेशान करना आदि(धारा 354,क, ख, ग, आदि)।

3. व्यक्तियों का व्यापार करना या व्यापार द्वारा बालको का शोषण करना(धारा 370,370 क)।

4. महिला बलात्कार से संबंधित कोई भी अपराध(धारा 375 में परिभाषित 376 में अंतर्गत क, ख, ग, घ, ङ आदि)।

5.गाली गलौज या किसी भी प्रकार के शब्दों द्वारा महिलाओं क का अपमान करना (धारा 509)।

नोट- उपर्युक्त अपराध में अगर महिला झूठी शिकायत भी करती है तब भी थाना प्रभारी का कर्तव्य होगा कि वह पहले महिला की एफआईआर दर्ज करें एवं झूठी शिकायत संबंधी कार्यवाही को बाद में करे।

भारतीय दण्ड संहिता ,1860 की धारा 166(क) की परिभाषा-?

(क) . कोई लोकसेवक किसी व्यक्ति को जानबूझकर कर किसी अन्वेषण या जाँच करने के लिए रोकना या प्रतिबन्धित करना जहाँ उसकी उपस्थिति विधि के अनुसार अवश्य थी।

(ख). कोई लोक सेवक जो विधि के बनाए या किसी प्राथगत, रूढ़ि के वैध नियम का जानबूझकर कर अनुपालन करता है या विधि के अनुसार उनका अन्वेषण, जाँच आदि नहीं करता है।

(ग). कोई भी लोकसेवक या थाना प्रभारी उपर्युक्त वर्णित महिला पर होने वाले अपराधों की एफआईआर दर्ज करने से मना करना या असफल रहता है या मना करता है।

कोई भी लोक-सेवक जानबूझकर कर इन नियमों का अनुमान या उल्लंघन करता है उसे धारा 166(क) के अंतर्गत दोषी ठहराया जाएगा।

भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 166(क) के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-?

इस धारा के अपराध किसी भी प्रकार से समझौता योग्य नहीं होते हैं, यह संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होते हैं। इनकी सुनवाई का अधिकार प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट को होता है। सजा- इस अपराध के लिए लोकसेवक को अधिकतम दो वर्ष की कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

**विशेष नोट**- किसी भी थानेदार पर आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है पीड़ित व्यक्ति स्वंय ऐसे अपराध की शिकायत पुलिस अधीक्षक या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास कर सकता है।

**- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान महिला सामाजिक कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश अलीगढ़?**

## SC-ST वर्ग के शादी समाहरोह में रुकावटें उत्पन्न करना कितना गंभीर अपराध होगा जानिए/SC-ST Act,1989.... I

देश आजाद हुए आज 75 वर्ष हो गए हैं एवं इतने कानून बनाये जाने के बाद भी आज दलित वर्ग को गाँव में दबंगों के डर से जीना पड़ता है हाल ही में मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सरसी गांव में देखने को मिला हैं कि यहां एक दलित वर्ग के दूल्हे को घोड़ी पर नहीं चढ़ने दिया गया था प्रशासन की मदद से उस व्यक्ति की बारात निकाली गई। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम में दलित पर ऐसा अत्याचार करने के लिए कठोर प्रावधान किए गए हैं जानते हैं।

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम,1989 की धारा 3(1)(यक)(आ) की परिभाषा-**



अगर कोई व्यक्ति जो अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग का सदस्य नहीं है वह किसी अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग के सदस्यों को 1. साइकिल या मोटर साइकिल को रोकेगा। 2. किसी भी वाहन में सवारी नहीं करने देगा। 3. सार्वजनिक स्थानों पर जूते चप्पल पहनकर नहीं निकलने देगा। 4. नए कपड़े पहनने पर घृणा उत्पन्न करेगा। 5. विवाह के समय शोभा यात्रा का बारात को नहीं निकलने देगा। 6. किसी व्यक्ति को घोड़े या अन्य यान पर नहीं बैठने देगा। तब ऐसा करने वाला व्यक्ति उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दण्डित किया जाएगा।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम,1989 की धारा **3(1)(यक) आ के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान?-** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं। इनकी सुनवाई का अधिकार क्षेत्र जिला विशेष न्यायालय करता है। सजा - इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की सजा एवं जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

**पीड़ित व्यक्ति को शासन द्वारा राहत सहायता राशि;-** अनुसूचित जाति और जनजाति(अत्याचार निवारण) नियम,1995 नियम 12(4) के अनुसार इस अपराध के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति को राज्य शासन या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता(संदाय) एवं सरकार का कर्त्तव्य हैं कि ऐसे व्यक्तियों को समानता के अधिकार उपलब्ध करवाना एवं यात्रा को निकलवाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करे। आर्थिक राशि जिला कलेक्टर या जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्यालय द्वारा स्वीकृत होगी है।

**- लेखक बी.आर.अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

### अज्जाक्स संघ जिला इकाई रायसेन के बैनर तले एक दिवसीय धरना देकर उठाई मांग

## तहसीलदार को तीन सूत्रीय ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष जेएल बरगले ने सौंपा ज्ञापन

**■ मप्र के स्पेशल काउंसिल एवं सुप्रीम कोर्ट के लॉयर मनोज गोरकेला द्वारा बनाए गए नवीन पदोन्नति नियम जल्द लागू की जाए**

**युवा प्रदेश नेटवर्क**

**रायसेन।** मप्रअनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला ईकाई रायसेन के बैनर तले रविवार को दोपहर से शाम तक कलेक्ट्रेट भवन के सामने अपनी तीन सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर धरना दिया गया।यह धरना अज्जाक्स संघ के जिलाध्यक्ष जीएल बरगले की मौजूदगी में दिया गया।इसके बाद प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम अतिरिक्त तहसीलदार ब्रजेश कुमार सिंह को नारेबाजी के साथ ज्ञापन सौंपा गया है। धरने में अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष जीएल बरगले ,कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एसएस पोर्ते, शिक्षक गोपाल सिंह पवार,अध्यापक राकेश अहिरवार, पटवारी गोविंद सिंह चौधरी, मुकेश तन्तवार, सूरजपाल सिंह, करन सिंह



राठौरिया, बदामी लाल कुमरे ,हीरालाल गोहिया, राजस्व निरीक्षक करनजू लाल छोटे लाल बम्होरीया, गनेश राम चिड़ा र ,संतोष मालवीयरमेश कुमार गोहिल, सीताराम इमने, बबलू मालवीय, नारायण सिंह महावर, हनुमत सिंह बौद्ध जवाहर लाल, विनोद कुमार तिलचोरिया, मनोज कुमार रजक आदि मौजूद रहे। धरने को मप्र अज्जाक्स संघ जिलाध्यक्ष जीएल बरगले ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 12 जून 2016 में महासम्मेलन में यह घोषणा की गई थी कि पदोन्नति में आरक्षण हर हाल जारी होकर रहेगा।अगर सरकार के इस मामले में कोई नया नियम बनाने की जरूरत पड़ेगी तो बनाए जाएंगे।चिंता की कोई बात नहीं है।अब समय आ चुका है कि अपने वायदे को पूरा करें मुख्यमंत्री।कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार सिंह पोर्ते बोले कि सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के फैसले के मुताबिक 28 जनवरी 2022 के बिंदु क्रमांक 16 /2 में यह उल्लेखित किया गया है कि प्रतिनिधित्व का डाटा एक यूनिट कैडर होना चाहिए।मप्र शासन द्वारा पूर्व से कैडर क्लॉज एवं विभागवार डाटा कलेक्ट किया गया है।जिसे मप्र की शिवराज सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली पेश किया गया है।जिसके आधार पर नवीन कैडर पदोन्नति का नियम बनाकर लागू किया जाना है।धरने का संचालन पटवारी गोविंद सिंह चौधरी अध्यापक राकेश अहिरवार ने किया।धरने को गोपाल सिंह चंदेल, करन सिंह राठौरिया, जवाहर लाल आदि ने भी संबोधित किया।

## रायसेन जिले के तहसील देवरी के ग्राम आलीबाड़ा में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती का भव्य आयोजन हुआ

**रायसेन/देवरी।** 24 फरवरी दिन गुरुवार जिला रायसेन तहसील देवरी के ग्राम आलीबाड़ा में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती का भव्य आयोजन रखा गया । पजिसमे **मुख्य अतिथि के रूप में** -देवेन्द्र पटेल जी (क्षेत्रीय विधायक) उदयपुरा विधानसभा, प्रदीप अहिरवार (राज्यमंत्री दर्जा)।

**विशिष्ट अतिथि** - के रूप में चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी (संस्थापक - अहिरवार समाज संघ) राजेश अहिरवार जी (प्रदेश अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ म.प्र) जी. एल. बरगले जी (जिलाध्यक्ष रायसेन अजाक्स संघ म.प्र)

**कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में** - जीतेन्द्र मूलनिवासी जी (जिलाध्यक्ष रायसेन भीम आर्मी भारत एकता मिशन मध्य प्रदेश) संगीता गोलियां प्रदेश अध्यक्ष अहिरवा समाज संघ महिला प्रकोष्ठ मंच संचालक के रूप में रमन जी बामने उपस्थित रहे एवं ग्राम के सभी वरिष्ठ गड़मान्य नागरिकों की उपस्थिति संत रविदास जी की भव्य सोभा यात्रा ध्वनि यंत्रों ओर आतिशबाज़ी के साथ ग्राम आलीबाड़ा के मुख्य मार्गो से होती हुई संत रविदास प्रांगड़ में सभा के रूप में परिवर्तित हो गई । संत रविदास जी





के छायाचित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण ओर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया । आय हुए सभी अतिथियों का भीम आर्मी के कार्यकरताओं ने पुष्प माला डालकर जोरदार स्वागत किया । इसके बाद सभी मंचासीन बक्ताओ ने संत रविदास के विचारो पर प्रकाश डालते हुए। समाज में फेली कुरूतिओ को खतम करने की बात कही ओर शिक्षा को



बढ़ावा देने की बात कही । भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी ने कहा कि हमें अपने महापुरषों के बताए हुए रास्ते पर चलना है ओर साथ ही उन्होंने बताया कि संत रविदास जी बेगमपुरा राज कि बात करते है जहां किसी को कोई ग़म ना हो सभी में समानता स्तंत्रता ओर भाईचारा। बना रहे भीम आर्मी की ओर से जिलाध्यक्ष ने उपस्थित विधायक महोदय से माग रखी कि ये भूमि संत रविदास मंदिर ओर अम्बेडकर भवन के लिए आवंटित की जाय ओर उसके लिए राशि भी स्वीकृति की जाय । अंत में विधायक जी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यह भव्य मंदिर निर्माण हेतु राशि स्वीकृति जारी जाएगी । सभी अतिथियों ने। कार्यक्रम के सफल आयोजक के लिए भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ को बधाई को धन्यवाद दिया ।

**आयोजक समिति** - बालमुकुंद टेटबार जिला महासचिव भीम आर्मी ,राकेश अम्बेडकर जिला प्रभारी भीम आर्मी ,कैलाश टेटवार जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी , गोटीराम बघेल जी।

## दुर्दशा और प्रशंसा

वे करतें रहे
हमारी दुर्दशा
हम करते रहे
उनकी प्रशंसा
ऐसा अब और
कब तक चलेगा
हम सबकी आंख
कब तक खुलेगा
जगाने वालो ने तो
हमे, हमेशा से
ही जगाया है ?
हमारी मुर्खता है
हमने उन्हें ही
भुलाया है
इसी भुल ने हमें
सदियों से
रुलाया है
अब तो सोचों
अब तो समझो
कब तक करोगे
गैरो की अनुशंसा
वे करतें रहे
हमारी दुर्दशा
हम करते रहे
उनकी प्रशंसा
हमारे अधिकार
छिन रहे हैं
हम उन्हें बस
गिन रहे हैं
सरकारी संपत्ति
बेंचे जा रहें हैं
आरक्षण खत्म
किये जा रहे हैं
धन कुबेरों को सब
सौंपे जा रहे हैं
गरीब मजदुरो को
और मजबूर
किये जा रहे हैं
अंधा बांटे रेवड़ी
के तर्ज पर वे
सभी संशाधन अपने
वर्ग विशेष को
दिये जा रहे हैं
गरीब लाचार
अपने हाथ बस
मले जा रहे हैं
बेसहारो को और
बेसहारा किये जा रहे हैं
कब होगा हमको
सच का अंदेशा
वे करते रहे
हमारी दुर्दशा
हम करते रहे
उनकी प्रशंसा
सामाजिक समानता
जब तक नही होगी
तब तक हमारा
दुर्दशा होता रहेगा
समानता ही संविधान
का सही सम्मान होगा
वर्ण व्यवस्था
और जातिवाद
इससे ही जन्म लेता
शोषण, गरीबी
और नक्सलवाद
यही है भारत के
बर्बादी का
कारण जन्मजात
शोषितों पर सामंतो का
चल रहा
काल चक्र सा
ऊंच-नीच भेदभाव
ही उनका
हैं संदेशा
वे करतें रहे
हमारी दुर्दशा
हम करते रहे
उनकी प्रशंसा
मानव के दमनकारियों
की प्रशंसा
बंद करो
इन शोषणकर्ताओ
से जंग करो
प्रशंसा उनकी करो
जो मानव-मानव
को एक कहें
प्रशंसा उनकी करो
जो मानव-मानव
में ना भेद करे
यही सबकी
हो जिज्ञासा
ऐसे महापुरुषों
की करो प्रशंसा



हरीश पांडल
विचार क्रांति



सूरज ठाकुर

# सूरज ठाकुर बने आदिवासी छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष

**भोपाल।** आदिवासी छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सूरज ठाकुर और कोषाअध्यक्ष बने अरविंद धुर्वे,जिला अध्यक्ष संजू सेहरिया भोपाल के श्यामल हिल्स गांधी भवन में प्रदेश स्तरीय आदिवासी छात्र संगठन की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई ।प्रदेश कार्यकारिणी में रायसेन जिले के बरेली तहशील के ग्राम अमरावद निवासी सूरज ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया प्रांतीय बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश बंडोड कार्यकारी अध्यक्ष



अरविंद धुर्वे



संजू सेहेरिया

ठाकुर गौरव सल्लम की उपस्थिति का गठन सर्व सम्मति से किया गया इस मे प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र उइके कार्यकारी अध्यक्ष मुकाम सिंह अलाबा मुकेश भूरिया महासचिव आकाश कुशराम सदन धुर्वे पीयूष मोझले सचिव रोहित मरावी जगिराम बड़ोले मीडिया प्रभारी सागर खरते आई टी सेल प्रभारी शेर सिंह सस्ते को नियुक्त किया गया बैठक में प्रांतीय कार्यकारणी का गठन किया गया, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी ओर उनके साथियों ने सूरज ठाकुर जी को बधाई दी और साथ ही छात्रावास के समस्त छात्रों ने भी बधाई डी बधाई देने वाले गीतेश मरकाम दीपक उइके एवं समस्त छात्रा वासी छात्र श्यामल हिल्स हॉस्टल भोपाल।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा पंडित शंभूनाथ शुक्ल स्मारक लाइब्रेरी अव्यवस्था के माहौल में हो रही संचालित

## नापा.प्रशासक,सीएमओ व्यवस्था में करें आवश्यक सुधार

**अनूपपुर।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर द्वारा संचालित पंडित शंभूनाथ शुक्ल स्मारक पब्लिक लाइब्रेरी जो कभी दूर-दूर तक अपनी खूबियों के लिए पहचानी जाती थी आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है।वर्ष 1984 में विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री व शहडोल जिले के निर्माता पंडित शंभूनाथ शुक्ल के नाम पर खोली गई लाइब्रेरी का उद्घाटन प्रदेश के मुख्य सचिव शरतचंद्र बेहार के कल कमलों द्वारा हुआ था।परिषद के प्रथम अध्यक्ष भाईलाल पटेल,ओम प्रकाश द्विवेदी, प्रेम कुमार त्रिपाठी के द्वारा संरक्षित व प्रोत्साहित लाइब्रेरी के माध्यम से संपूर्ण जिले के हजारों छात्र-छात्राओं ने समाज में नाम कमाते हुए अच्छी नौकरी एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की।

उक्त लाइब्रेरी में जहां साहित्य का भंडार है पुराने नए लेखकों की पुस्तकें पर्याप्त संख्या में है वही यहां आने वाली प्रतियोगी, साहित्यिक, नारी उत्थान, बाल विकास, स्वास्थ्य से संबंधित पत्रिकाओं के माध्यम से बालक किशोर युवा एवं बुजुर्ग सभी की जिज्ञासा शांत होती है।तथा ज्ञान वर्धन होता है।नगर के साहित्यकार राम नारायण पांडे लाइब्रेरी की अपनी 30 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत हो गए हैं।श्री पांडे की व्यक्तिगत रुचि के कारण लाइब्रेरी का





उत्तरोत्तर विकास हुआ।सैकड़ों युवक तथा अपना बौद्धिक विकास किया।इतना ही नहीं लाइब्रेरियन के द्वारा महापुरुषों की जयंती या आने वाले विद्वानों के सम्मान में परिचर्चा, गोष्ठीया, पंडित शंभूनाथ शुक्ला की जयंती, साहित्यकारों की जयंती, विभिन्न विषयों पर गोष्ठी, कविता ,कहानी, गोष्टी, मासिक गोष्ठी आयोजित कर नगर तथा जिले में साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रभाव बनाए रखना गोष्ठियों के माध्यम से कई नए रचनाकारों का उदय हुआ। इसके बाद लाइब्रेरी की कमान कर्मचारी को सौंप दी गई जिसके वश में नहीं है कि वह लाइब्रेरी जैसी संस्था का संचालन कर सकें।इसी वजह से पूरी लाइब्रेरी अस्त व्यस्त हो गई रही सही कसर कोरोना काल ने पूरी कर दी। वर्तमान समय में लाइब्रेरी में किसी शिक्षक की नियुक्ति की गई है वहां कोई चपरासी भी नहीं है। जिसके कारण न तो वहां सफाई हो पाती है और ना ही पाठकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हो पाती है।इतना ही नहीं ना तो लाइब्रेरी में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था है ना ही समाचार पत्रिका आ रही हैं जो पहले आती थी।जिसके कारण पाठकों ने भी लाइब्रेरी से दूरी बना ली है। 30 वर्षों में लाइब्रेरी दोपहर 4 से 10 बजे तक संचालित होती थी रविवार को साप्ताहिक अवकाश के अतिरिक्त पूरे साल लाइब्रेरी खुलती थी हमेशा यह कोशिश होती थी की दोपहर साया 4 बजे के पहले लाइब्रेरी खुल जाए जिससे स्कूल से छुट्टी होने पर छात्र छात्राएं आकर पढ़ सकें।

# असिंसटेंट प्रोफेसर एंड जुनियर रिसर्च फेलोशिप की आयोजित परीक्षा को पास करके इतिहास रचा

युवा प्रदेश नेटवर्क



**खरगोन/रायसेन।** ग्राम खरगोन के निवासी श्री प्रह्लाद सिंह अहिरवार के 23 बर्षीय छोटे सुपुत्र-ब्रजमोहन अहिरवार जो देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (DS/VV) से योग बिषय से एमएससी कर रहे है। एमएससी मे अध्ययन करते हुए उन्होने NTA UGC के द्वारा Assistant Professor ´ Junior Research Fellowship आयोजित परीक्षा को पास करके इतिहास रचा । इस खबर से उनके परिवार मे खुशी की लहर आ गई।

## खटकता

जहाँ में झुकता नही
खटकता तो उनको हु
साहब, झूठा दिखाबा करके
ज़ेहर घोलता रहता हु
साहब

मेहनत का नबाब हु चिड़ी
का गुलाम नही हु साहब
झांकी मेरी जम नही रही
इसलिए लाल पीला हु
साहब

कुछ नासूर होते है सभी
धोखेबाज नही होते है
साहब,बिलो में भले ही
रहूं,आस्तीनों का नाप
रखता हूं साहब

शतरंज के खेल में बाजी
आज भी पलटता हु साहब
कान कमजोर इसलिए दिन
भर भरता रहता हूं साहब

भरोसा ओर ईमान को
कलंकित नही करता हु
साहब,में कफन की
खमोशी का किरायदार नही
हु साहब



मोहन मांढरे

# उन्नाव जिले के जय माँ दुर्गा नामक टीवीएस शोरूम में धोखाधड़ी का मामला, किसान ने लगाया आरोप

आकाश विश्वकर्मा/ रिपोर्टर

**उन्नाव/ उत्तरप्रदेश।** जिला उन्नाव जय माँ दुर्गा नामक tvs शोरूम जो कि कलुखेडा अशोहा रोड पर है जिसके मालिक रोहित गुप्ता जी है इस शोरूम से हिलोली के एक किसान ने गाड़ी बुक करवा दी जो की 3 महीने पहले बुक की गई थी। लेकिन शोरूम के मालिक ने गाड़ी नही दी गाड़ी 50 हजार रुपये दे कर बुक की गई थी पर मालिक ने सिर्फ 45 हजार रुपये की ही रसीद दी और बोला की 5 हजार रुपये बुकिंग के लिए कटे जाते है फिर 14दिसम्बर को गाड़ी बुक करने के बाद 1 महीने बाद गाड़ी देने का कहा गया जब ग्राहक गाड़ी लेने गया तो उसको बोला दूसरे दिन आना 3 महीने





पूरे बीत चुके है पर आज तक ग्राहक को उसकी गाड़ी नही मिली और बैंक से किस्तों के लिए भी फोन आने शुरू हो चुके है ग्राहक जब भी शोरूम जाता है उसको गली देकर भगा दिया जाता हैं और जब ग्राहक ने पैसे वापस करने को बोला तो मालिक ने कहा की सिर्फ 45 हजार ही जमा किये गए है 5 हजार रुपये भूल जाने के लिए कहा। जिससे ग्राहक काफी परेशान हो रहा है शोरूम उसके घर से 25 किलोमीटर की दूरी पर है ग्राहक आने जाने के लिए गाड़ी बुक करता है और अपने काम को छोड़ कर आता है। शोरूम वाले ने धमकी दी की पुलिस में मेरी पहचान है तुमको ही अंदर करा दूंगा गाड़ी और पैसे भी नही दूंगा ग्राहक डर से कुछ कर भी नही पा रहा है।

# सीहोर आष्टा के सिद्धि गंज मे रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

*राजकुमार कबीर मिशन समाचार।*
*मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रतिनिधि म प्र।*

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के आष्टा तहसील के ग्राम सिद्धि गंज से एक 17 वर्षीय बालक अजय नागदा द्वारा सिद्धि गंज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। अजय नागदा ने बताया कि सीहोर जिले के थैलेसीमिया से 80 बच्चे पीड़ित हैं उन बच्चों को यह वक्त मुफ्त में दिया जाएगा फाउंडेशन लगातार रक्तदान करवा रहा है साथी फाउंडेशन का यह तीसरा ब्लड डोनेशन कैंप था इस कैंप में 40 यूनिट रक्त सीहोर जिला अस्पताल को दिया गया कार्यक्रम का लगातार प्रचार-प्रसार बादल परमार एवं राजेश जामले ने संभाला साथ ही जगह-जगह प्रचारित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ॥.क्र परमार साहब विशेष अतिथि भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारी सुधीर विश्वकर्मा जी, सिद्धि गंज संकुल स्काउट मास्टर गजराज सिंह राठौड़ साहब एवं गोपाल सिंह , छात्रावास के वार्डन अनिल गिर साहब उपस्थित रहे

# मुख्यमंत्री चौहान ने करंज और केसिया का पौधा लगाया

## सांसद श्री गजेद्र सिंह पटेल तथा बी-अ-ह्यूमन के प्रतिनिधियों ने भी किया पौध-रोपण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में करंज और केसिया के पौधे लगाए। खरगोन-बड़वानी सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल, सदस्य जिला पंचायत धार श्री वीरेंद्र सिंह बघेल तथा बी-अ-ह्यूमन संस्था के श्री जीतेन्द्रमणि शर्मा, श्री अटल बिहारी शर्मा तथा श्री रणवेश शर्मा साथ थे। संस्था पिछले पाँच वर्षों से देश और प्रदेश के कई संगठनों के साथ मिलकर नैतिकता के भावों को लोगों तक पहुँचाने का काम कर रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए 2000 पौधे लगाए हैं। संस्था का युवा संगठन ग्रामीण स्तर पर लोगों को अपने कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है। बी-अ-ह्यूमन पर्यावरण, वृक्षा-रोपण, सुरक्षा और समाज से जुड़े सभी सामाजिक कर्त्तव्यों के लिए सदैव तत्पर रही है। संस्था का मानना है कि व्यक्ति के विचारों में मानवता होगी तो वो इस समाज, देश और दुनिया के सदैव हितैषी बनें रहेंगे।



### पौधों का महत्व

आज लगाया गया करंज आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण माना गया है। करंज का उपयोग धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। केसिया को भारत में जंगली दालचीनी भी कहा जाता है। केसिया जावानिका की छाल और पत्तियों का उपयोग आयुर्वेदिक दवाएँ बनाने में किया जाता है।

# अनूपपुर जिले में पहली बार लावारिस वाहनों की प्रक्रियानुसार नीलामी

युवा प्रदेश नेटवर्क

**■ जिले के 237 लावारिस वाहनों प्रक्रियानुसार नीलामी कर, ■ 14,39,400/-रु. राशि शासन के खजाने में जमा कराई गई**

**अनूपपुर।** जिले के थानों में वाहनों के अत्यधिक संख्या में लावारिस रुप से पड़े थें। जिसके कारण थानों में जगह की कमी एवं अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होती थी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल द्वारा गंभीरता से लेते हेतु थानों में पड़े लावारिस वाहनों की नीलामी की कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया एवं इस संबंध में कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा परिपत्र जारी किया गया। अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रक्रियानुसार थानों में पड़े समस्त लावारिस वाहनों को 25 पुलिस एक्ट में जप्ती की कार्यवाही की गयी। वाहनों की जप्ती की कार्यवाही के बाद पी.डब्ल्यू.डी. के अधिकारी के द्वारा जप्त वाहनों का मूल्यांकन कराया गया। तद्पश्चात एस.डी.एम. के द्वारा उद्घोषणा जारी कर







आपत्ति हेतु निर्धारित दिनांक की अवधि जारी की गयी। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पराजगढ़ को सम्पूर्ण नीलामी की कार्यवाही का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। तदोपरांत नीलामी की समित गठित कर नीलामी की कार्यवाही करायी गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया के नोडल अधिकारी श्री आशीष भराडे एसडीओपी पुष्पराजगढ़ के निर्देशन में अनुभागवार टीम गठित कर नीलामी की कार्यवाही कराई गई एवं नीलामी प्रक्रिया संबंधी परिपत्र तैयार कराने में एसडीओपी पुष्पराजगढ़ श्री आशीष भराडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसके अंतर्गत अनुभाग अनूपपुर के थाना कोतवाली में दिनांक 04.02.2022 को 56 वाहन कीमत 2,56,900/-रु0, थाना जैतहरी में 14 वाहन कीमत 1,12,800/-रु0, थाना चचाई में 09 वाहन कीमत 98,850/-रु0, अनुभाग कोतमा के थाना कोतमा में दिनांक 05.02.2022 को 65 वाहन कीमत 3,36,050/-रु0, थाना भालूमाड़ा में दिनांक 05.02.2022 को 20 वाहन कीमत 1,08,530/-रु0, थाना बिजुरी में दिनांक 05.02.2022 को 23 वाहन कीमत 1,86,370/-रु0, थाना रामनगर में दिनांक 09.02.2022 को 21 वाहन कीमत 50,900/-रु0 एवं अनुभाग पुष्पराजगढ़ के थाना राजेन्द्रग्राम में दिनांक 20.02.2022 को 25 वाहन कीमत 2,65,000/-रु0 एवं थाना अमरकंटक में दिनांक 22.02.2022 को 04 वाहन कीमत 24,000/-रु0 नीलामी की गई। इस प्रकार अनूपपुर जिले के समस्त थानों के कुल 237 वाहनों की नीलामी कर 14,39,400/-रु0 की राशि शासन के खजाने में जमा कराई गई।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के निर्देशन अति0पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण प्रक्रिया के नोडल अधिकारी श्री आशीष भराड़े अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ़, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोतमा श्री शिवेन्द्र सिंह बघेल एवं गठित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के इस पहल से थानों में पड़े अत्यधिक लावारिस वाहनों के जमाव में कमी आएगी। उक्त प्रक्रियानुसार नीलामी की कार्यवाही के द्वारा शासन के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

## चचाई थाना अंतर्गत अलग अलग स्थानों में जुआ खेलते पकड़ाये 08 गिरफ्तार 5650/- रूपये जप्त

*एक के बाद एक कार्यवाही जारी 2 फड़ो से 8 जुएं के आरोपियों को चचाई पुलिस ने किया गिरफ्तार*



**अनूपपुर।** 23 फरवरी की रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर रेल्वे स्टेशन अमलाई के सामने देशी शराब भट्ठी के बगल में 02 अलग अलग फड़ों में ताश पत्तों के माध्यम से रुपये पैसों की हारजीत की बाजी लगाकर जुआडियो द्वारा जुआ खेलते पाये जाने पर आरोपी राजबीर सिंह पिता शिवराम सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी इन्द्रानगर अमलाई वार्ड क.13 थाना चचाई जिला (उ.प्र.) अनूपपुर, भूपेन्द्र राय पिता ज्ञानी राय उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नोटा थाना उल्दन जिला झाँसी हाल देशी शराब दुकान अमलाई, शशीकान्त चौधरी पिता मोतीलाल चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 19 थाना चचाई जिला अनूपपुर, मुकेश राय पिता श्रीराम राय उम्र 34 वर्ष ग्राम पंचमसिंह चौराहा वार्ड क्र.9 काली मंदिर के पीछे पन्ना जिला पन्ना, हाल देशी शराब दुकान अमलाई थाना चचाई को दस्तयाब कर जुआ खेलते पास से व फड़ से रकम 3050 रूपये व 52 तास के पत्ते जप्त किये गये एवं अमलाई में आरोपी रजनीश नामदेव पिता जगदीश प्रसाद नामदेव उम्र 50 वर्ष निवासी अमलाई वार्ड क्र.15 संतोष सोनी पिता विश्राम सोनी उम्र 33 वर्ष निवासी अमलाई दुर्गामंदिर वार्ड क्र. 19 अमलाई थाना चचाई जिला अनूपपुर, संतोष झा पिता लालमोहन झा उम्र 35 वर्ष निवासी क्वा. बी 27 विवेकनगर एवं संजय दाहिया पिता स्व. विजय सिं दाहिया उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क.8 अमलाई थाना चचाई जिला अनूपपुर को दस्तयाब कर जुआ खेलते पास से व फड़ से रकम 2600 रूपये व 52 ताश के पत्ते कुल 5650/- रूपये जप्त कर विधिवत आरोपी गणों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

**अनूपपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही**

# 75 लीटर अवैध शराब का परिवहन करते होण्डा अमेज कार जप्त

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अवैध शराब के संबंध में निरंतर प्राप्त हो रही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा थाना प्रभारियों को अवैध शराब के स्थान चिन्हाकिंत करते हुए कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। इस संबंध में दिनांक 20.02.22 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की कार क्रमांक स्क्ष65 ष्ट 3237 में कुछ लोग अवैध शराब केशवाही से कोतमा होते हुए भालूमाड़ा की तरफ बिक्री के लिए ले जा रहे है। इस सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतमा को कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया। थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक अजय कुमार के द्वारा दिनांक 20.02.22 की रात्रि जमुना तिराहा मजार कोतमा के पास नाकाबंदी कर की गई। जिसमें कोतमा की तरफ से सफेद रंग की होंडा अमेज कार क्रमांक स्क्ष65 ष्ट 3237 को आते हुए देखा









**वाहन सहित कुल कीमत 10,69,100/-रुपये**

गया जिसे रोककर वाहन की तलाशी ली गई। जिसमें वाहन की डिक्की में 8 खाकी रंग के कार्टून एवं एक सफेद रंग के कार्टून में 67 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 9 लीटर देशी शराब कुल कीमत 69,100/-रु.जप्त किया गया। आरोपी वाहन चालक दीपक निषाद पिता करण निषाद उम्र 27 वर्ष निवासी भालूमाड़ा एवं सहयोगी बाबू उर्फ सैयद मुख्तार हुसैन पिता स्वर्गीय सय्यद लुकमान हुसैन उम्र 29 वर्ष निवासी बनिया टोला कोतमा, केशवाही अंग्रेजी शराब दुकान के मैनेजर बृजेश शर्मा एवं सेल्समैन अनूप गुप्ता पिता शंकर गुप्ता निवासी झारखंड हाल केशवाही को गिरफ्तार किया गया। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट के तहत थाना कोतमा में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में प्रयुक्त सफेद रंग की होंडा अमेज कार क्रमांक स्क्ष65 ष्ट 3237 कीमत 10 लाख को भी जप्त किया गया। प्रकरण में 67 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 9 लीटर देशी शराब एवं वाहन सहित कुल कीमत 10,69,100/-रु.जप्त किया गया। नषे के विरुद्ध की गई इस प्रभावी कार्यवाही से शराब के अवैध कारोबार में निष्चित रूप से अंकुष लगेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के निर्देषन, अति0 पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्षन में एसडीओपी कोतमा श्री षिवेन्द्र सिंह बघेल, थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक अजय बैगा,सउनि चंद्रहास, सउनि विनय सिंह , प्रआर. सपन नामदेव,प्रआर संतोष यादव,आर देवेंद्र तिवारी,आर भानु प्रताप,आर मंडलोई एवं सायबर सेल के पंकज मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पंचायत सचिव ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में इन 2 बड़े अफसरों और कांग्रेसी नेता को बताया अपनी मौत का कारण

**कोरिया /जनकपुर।** कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेरुआ के सचिव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट लिख छोड़ा है। इसमें जनपद पंचायत के 2 बड़े अफसर व ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी का नाम लिखा है। उसने लिखा है कि ये तीनों ही मेरी आत्महत्या के जिम्मेदार हैं। इस मामले में मेरे बाल-बच्चों को कोई दोष नहीं है, कृपया उन्हें परेशान न करें। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मिलने के एक दिन बाद बुधवार को पीएम कराकर बॉडी परिजन को सौंप दी। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर विवेचना शुरु कर दी है। इधर आप पार्टी ने मृत सचिव की पत्नी को नौकरी व 50 लाख रुपए तथा तीनों दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ग्राम च्यूल निवासी छत्रपाल सिंह ग्राम पंचायत नेरुआ में सचिव के पद पर कार्यरत था। मंगलवार की सुबह उसने सुसाइड नोट लिखा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद परिवार को सौंपा गया है। परिवार व ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि विगत माह किसी कारणवश सचिव छत्रपाल सिंह





से ग्राम पंचायत नेरुआ का अतिरिक्त प्रभार छीनकर दूसरे सचिव को सौंप दिया गया था। इससे मृतक सचिव छत्रपाल सिंह डिप्रेशन में चला गया था। इसी डिप्रेशन में सोमवार देर शाम अपने घर से बाहर निकला और दूसरे दिन सुबह गांव में अपने घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ पर गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। मामले में ग्रामीणों के विरोध के कारण घटना तिथि को शव का पीएम नहीं हुआ। घटना के अगले दिन बुधवार को पीएम कराकर परिवार को सौंपा गया है। वहीं सुसाइडल नोट्स में तारीख 6 फरवरी लिखा हुआ है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है।



**सुसाइड नोट में ये लिखा**

मृतक पंचायत सचिव सिंह के पास से एक सुसाइड नोट्स मिला है, जिसमें तारीख 6 फरवरी अंकित है। इसमें लिखा गया है कि जनपद पंचायत सीईओ, पंचायत इस्पेक्टर तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सचिव से 50 हजार रुपए लेकर मुझे ग्राम नेरुआ के अतिरिक्त प्रभार से हटा दिया है। ये तीनों ही मेरी मौत का कारण हैं। उसने लिखा कि मेरी मौत के लिए मेरे बाल-बच्चों को परेशान न करें, इसमें उनका कोई दोष नहीं है।

**50 लाख मुआवजा व पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग:** इधर आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सुखवंती सिंह घटना तिथि की शाम से मृतक के परिजन के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि पीड़ित घर के एक सदस्य को नौकरी, 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। वहीं सुसाइड नोट में जिनका नाम है, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही और मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी के एक बड़े नेता का नाम सुसाइड नोट है। उससे कार्यवाही में संदेह है। इधर सुसाइड नोट सोशल मीडिया में वायरल होने लगा है।

**खुशियों की दास्ताँ**

# चिप्स उद्यम की स्थापना कर मधु वर्मा हुईं आर्थिक रूप से मजबूत

**अनूपपुर।** जिले के नगरीय निकाय बिजुरी वार्ड क्र.10 निवासी श्रीमती मधु वर्मा ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत विनिर्माण क्षेत्र के लिए 25 लाख रुपये का ऋण सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा राजनगर से प्राप्त कर मां नर्मदा चिप्स गृह उद्योग की स्थापना की है, जिससे उनको आर्थिक लाभ होने से घर, परिवार की स्थिति सुदृढ़ हुई है। उन्होंने बताया कि कोविड के कारण लॉकडाउन होने से उनको जीविकोपार्जन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने शासकीय योजना के संबंध में जानकारी हासिल की और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से सम्पर्क किया, जहां से विभागीय अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिसके परिणामस्वरूप वह उद्यम स्थापित करने में सफल हुईं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से 25 लाख रुपये का ऋण बैंक द्वारा प्राप्त होने पर उन्होंने उद्यम स्थापित कर कार्य की शुरुआत की। उद्यम के उत्पादन प्रारम्भ होने से प्रतिमाह उत्पाद की सेलिंग होने



से वह आर्थिक रूप से तो सम्पन्न हुई हैं, बल्कि स्वयं के साथ 12 अन्य लोगों को भी अपने उद्यम के माध्यम से रोजगार प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना ने उनके सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा कि अब वह समाज में मान-सम्मान प्राप्त करने के साथ ही स्वयं का उद्यम स्थापित करने वाले दूसरे लोगों को प्रेरणा देने व प्रेरित करने के कार्य भी कर रही हैं। उन्होंने शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वयं का उद्योग, सेवा, व्यवसाय स्थापित कर स्वरोजगार स्थापित करने का आव्हान किया है।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण के जरिए हितग्राही हो रहे लाभान्वित

युवा प्रदेश नेटवर्क

## जिले में अब तक 04 बैच में लगभग 180 हितग्राहियों को विभिन्न ट्रेडों में दिया गया प्रशिक्षण

**कोरिया।** जिले के गांवों में जलप्रबंधन एवं संरक्षण में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल के जरिये स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन जिला क्रियान्वयन ईकाई द्वारा ग्राम स्तर के पात्र हितग्राहियों का चयन कर पम्प आपरेटर, प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन और हेल्पर के कामों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। शासन की मंशानुरूप हर ग्राम पंचायतों में निरंतर जलआपूर्ति के लिए बनाई गयी योजना के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत से 06 की संख्या में हितग्राही चयन कर कौशल विकास प्रशिक्षण जिले में सम्पन्न हुए। कौशल प्रशिक्षण के दौरान जिले में अब तक 04




बैच में लगभग 180 हितग्राही विभिन्न ट्रेडों के अनुरूप लाभान्वित हो चुके हैं।

प्रशिक्षण उपरान्त हितग्राहियों को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के निर्देशन में जिले के बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के चम्पाझर, अंगा, टेंगनी, पसला, पटना, अमहर, कटोरा, पिपरा, शिवपुर, खोड़, करहियाखांड, मुरमा, तेंदुआ, करजी, आंजोखुर्द, परसापारा, छिंदिया, सावांरावां, चिरगुड़ा, बरदिया, तरगवां, रामपुर.प, पूटा, कोचिला, बिलारो, सोरंगा, गिरजापुर, डकईपारा, खैरी के हितग्राहियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। हितग्राही रामकुमार निवासी बरदिया ने इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रीशियन टेड में प्रशिक्षण के दौरान पम्प में बिजली की सप्लाई, पम्प में वाटरबॉडी, स्टार्टर, आदि के बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत गांव में जल के व्यवस्थित वितरण में किसी भी तरह की समस्या आने पर सुधार करने में सक्षम हैं। अन्य हितग्राही ग्राम कटोरा के प्लम्बर प्रशिक्षणार्थी आशीष ने बताया कि नलों के संधारण एवं सुचारू संचालन के लिए प्लम्बर का प्रशिक्षण लिया है। अब वह ग्राम में ही नल सुधार के कार्य कर सकेंगे।

# बस स्टैंड मे पसरी गंदगी से मुसाफिरों को हो रही परेशानी

## प्रतीक्षालय भवन भी देखरेख के अभाव में हो रहा है खंडहर



**कोरिया/मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मनेन्द्रगढ़ द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में गठित निगरानी समिति के द्वारा निरन्तर प्रत्येक रविवार को वार्ड का भ्रमण किया जाता है और वहां की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराकर उसके निराकरण की दिशा में प्रयास किया जाता है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मण्डल महामंत्री अधिवक्ता संजय गुप्ता ने बताया कि इस रविवार को वार्ड क्रमांक 11 बस स्टैंड व कालीमंदिर स्थित मोहल्ला का निरीक्षण किया गया। समिति द्वारा नगर में एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य किया जा रहा है। पार्टी द्वारा गठित निगरानी समिति के सदस्यों के द्वारा रविवार को दोपहर 12 बजे वार्ड क्रमांक 11 में पहुंच कर निरीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पट्टा वितरण के लिये वार्ड वासियो को उनके मकान का सर्वे व भुगतान होने के बावजूद सरकार द्वारा वार्ड वासियो को पट्टा का वितरण नही किया जा रहा जिसको लेकर वार्डवासियो में रोष है। काली मंदिर रोड एटीएम के पास नाली न होने के कारण घरों का निकासी पानी अनावश्यक सड़क में बह रहा है यदि नगरपालिका द्वारा नाली बना दिया जाता है तो सड़क में पानी बहना बंद हो जायेगा। बस स्टेंड में नियमित साफ सफाई न होने के कारण नाली जाम हो गया है साथ ही बस स्टेंड में बने यात्री प्रतीक्षालय में हर तरफ गंदगी फैली हुई है नियमित देखरेख नही होने के कारण भवन भी जर्जर हो गया है और बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता है। बस स्टेंड में बने शुलभ काम्प्लेक्स के पास स्थित नालियो में स्लैब नही होने से नाली भी जाम हो गया है साथ ही यात्रियों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने के उद्देश्य से लगाये गये नल और पाइप टूट- फुट जाने से आम जनता व यात्रियों को साफ पानी प्राप्त नही हो रहा है जिसकी वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यदि त्वरित सुधार कार्य हो जाये तो वार्ड वासियो और मुसाफिरों को काफी राहत मिल सकती है। निगरानी समिति में संजय गुप्ता, प्रमोद बंसल, अंकुर जैन ,आंनद ताम्रकार, अखिलेश मिश्रा, रितेश ताम्रकार, जितेंद्र खटीक, सहित बुथ के अध्यक्ष रामकिशन सोनी, जमुना यादव एवम वार्डवासियों के द्वारा निरीक्षण किया गया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारी

# नगर निगम चिरमिरी में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल पर 6 दुकानों पर हुई चालानी कार्यवाही

### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सेग्रिगेशन, वॉल पेंटिंग, मुनादी से लोगों को किया जा रहा जागरूक

**कोरिया।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा द्वारा सभी नगरीय निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों को स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए कार्य करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग इस्तेमाल पर कार्यवाही करते हुए नगर निगम चिरमिरी के अंतर्गत निकाय टीम द्वारा 23 दुकानों का निरीक्षण किया गया जहां प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल पर चालान की कार्यवाही की गई। निकाय की टीम द्वारा 6 दुकानों पर 15 सौ रुपये का चालान लगाया गया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग पर चालानी कार्यवाही के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने पर स्पॉट फाइन, यूजर चार्ज की




वसूली की कार्यवाही की जा रही है। सभी निकायों एवं पंचायतों में स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, स्त्रोत पृथकीकरण, होम कम्पोस्टिंग कराया जा रहा है। ब्रांड एंबेसडर नियुक्त कर स्वच्छता हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तालाबों, नालियों, सुलभ शौचालय की सफाई के साथ ही साथ शहर के प्रमुख चौक-चौराहों को चिन्हांकित कर आजादी का अमृत महोत्सव तिराहा व चौराहा बनाया गया है। वॉल पेंटिंग, मुनादी के माध्यम से भी वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### सर्वेक्षण में अच्छी रैंक के लिए की जा रही तैयारियां

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में अच्छी रैंक हासिल करने के लिए जिले में प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में 50 हजार से 01 लाख तक की आबादी वाले शहरों में राज्य में प्रथम रैंक एवं नेशनल जोन में तृतीय स्थान हासिल करने वाले नगर पालिक निगम चिरमिरी में 2022 में भी अव्वल स्थान पर रहने के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चिरमिरी को पिछले सर्वेक्षण में जीएफसी में भी 01 स्टार रैंक प्राप्त हुआ था। वही नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ को 25 हजार से 50 हजार की आबादी में स्टेट में प्रथम व नेशनल जोन में नौवां रैंक मिला था। निकाय में आत्मनिर्भर वार्ड हेतु एक वार्ड का चयन कर प्रक्रिया की जा रही है। इसी प्रकार 25 हजार से 50 हजार की आबादी वाले निकाय में स्टेट और नेशनल जोन में छठवां स्थान हासिल करने वाले नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर ने जीएफसी में 03 स्टार प्राप्त किया था।बैकुंठपुर निकाय को ईस्ट ज़ोन के 230 शहरों में 102वां स्थान तथा स्टेट के 133 शहरों में भी 102वां स्थान प्राप्त हुआ था। नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा को 25 हजार से कम आबादी वाले शहरों में स्टेट एवं नेशनल जोन में 102वां रैंक मिला था। 10 हजार से कम आबादी वाले शहरों में नगर पंचायत झगराखण्ड को स्टेट में प्रथम एवं नेशनल जोन में 87 रैंक मिला था। वहीं स्टेट एवं नेशनल जोन में नगर पंचायत खोंगापानी 77 वां रैंक तथा नगर पंचायत नई लेदरी को 109वां रैंक प्राप्त हुआ था।

# 12 घंटे के अन्दर कोतवाली पुलिस ने किया अन्धी हत्या का पर्दाफाश

**अनूपपुर।** दिनांक 21.02.2022 को थाना कोतवाली अनूपपुर में इस आशय की सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खांड़ा में राजकुमार साहू के निमार्णाधीन मकान के पास रोड के किनारे खेत में विकास उर्फ मोनू सिंह पिता स्व0 रणमत सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं0 05 बरबसपुर का शव पड़ा है। प्रकरण हत्या से संबंधित होने के कारण अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील प्रतीत हो रहा था। जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अखिल पटेल के द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश देते हुए एसडीओपी अनूपपुर एवं थाना प्रभारी कोतवाली को घटनास्थल पर पहुॅचने के निर्देश दिये। घटनास्थल के निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि मृतक के सिर व चहरे पर धारदार हथियार चोट पहुंचाया गया है जिससे अत्यधिक रक्तस्त्राव से मृतक की मृत्यु हो गई है। पुलिस के द्वारा अनुसंधान प्रारंभ करते हुए घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ प्रारंभ की गई एवं वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर यह ज्ञात किया गया कि मृतक विकास उर्फ मोनू सिंह पिता स्व0 रणमत सिंह का मन्नू केवट के साथ पूर्व विवाद हुआ था। मृतक विकास उर्फ मोनू सिंह को घटना दिनांक 21.02.2022 को संजय के घर शादी में बुलाया था। मृतक विकास उर्फ मोनू सिंह शराब पीकर भी लोगों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता था। घटना दिनांक 21.02.2022 की रात्रि में भी मृतक शराब के नशे में संतोष कुशवाहा व दिलीप केवट के साथ विवाद हुआ था। जिसके कारण मन्नू उर्फ नीलमन केवट उम्र 25 वर्ष, संतोष कुशवाहा पिता दादूराम कुशवाहा उम्र 30 वर्ष एवं दिलीप पिता समारु केवट उम्र 25 वर्ष तीनों निवासी ग्राम खांडा के द्वारा योजना बनाकर दिलीप के द्वारा घटना दिनांक 21.02.2022 की रात्रि में मृतक विकास उर्फ मोनू सिंह को उसी के दोपहिया गाडी में घर छोडने के बहाने मृतक को राजकुमार साहू के निमार्णाधीन मकान ग्राम खांडा में ले जाकर सेन्ट्रिक की लकडी से सिर व चहरे में प्रहार किया गया।

# राजस्थान के युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव चौधरी मनोज भगत का किया भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं ने की जोरदार नारेबाजी

**अनूपपुर/राजनगर।** राजस्थान से मध्य प्रदेश के आखिरी छोर अनूपपुर जिले के नगर परिषद बनगवां राजनगर में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव चौधरी मनोज भगत जी का प्रथम आगमन हुआ जहाँ पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस राजस्थान के प्रदेश महासचिव चौधरी मनोज भगत के जिंदाबाद के नारे भी लगाये! बता दें कि चौधरी मनोज भगत



पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अजमेर विश्वविद्यालय रह चुके जिससे कि छात्रों से उनका एक अलग ही संबंध बना हुआ था वे राजस्थान से मध्य प्रदेश के आखरी कोने पर अपने साथियों से मिलने पहुंचे बता दें कि चौधरी मनोज भगत के इस प्रकार के मिलनसार व्यवहार से नए युवा पीढ़ी उनसे बहुत ही प्रभावित होते हैं स्वागत के कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के नेता मंडल अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव अमित सेनगुप्ता जी, इमरान अंसारी छात्र नेता साहिल कुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयूआई पंकज विश्वकर्मा दीपक चतुर्वेदी एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे!

# मनेंद्रगढ़-भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी के द्वारा निम्न मांगों को लेकर अनुविभागीय दंडाधिकारी सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन: दास

**कोरिया।** हम आपको बता दें कि भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी श्री यीशै दास के द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनेंद्रगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन में उल्लेख किया गया हैं की मौहारपारा वार्ड क्रमांक 5 आने जाने वाले को काफी परेशानी झेलनी पड़ी रहती है गढ्ढे के वजह से दुर्घटना का न्योता दे रहे है कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना घटित जल्द से जल्द गड्ढे को भरवाए जाने की श्री दास के द्वारा मांग की गई है उक्त क्रम में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व के नाम ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोविड-19 के तीसरे लहर को मद्देनजर रखते हुए छ.ग शासन के द्वारा स्वच्छता के प्रति



जागरूक किया जा रहा है लेकिन इन दिनों पिपरिया एनएच मार्ग पर स्थित पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली गंदगीयों को फेक देने से आने जाने वाले राहगीरों को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा उक्त दुर्गंध की मार से आने जाने वाले मुसाफिरों को भी उक्त दुर्गंध रहित मार्ग से मजबूरी बस हो गुजारना पड़ता है जिससे कई गंभीर बीमारियां भी उत्पन्न हो सकती ह तथा अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व के नाम ज्ञापन सौंप मंडल मीडिया प्रभारी के द्वारा मांग की गई है कि जल्द से जल्द उक्त पोल्ट्री फार्म के संचालक पर कार्यवाही कर उसे स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की कृपा की जाए जिससे आने जाने वाले राहगीरों को शुद्ध वातावरण मिल सके।

संपादकीय

## साक्षात्कार- एकाध वर्षों में कांग्रेस जैसा हाल भाजपा का हो जाएगा: रामगोपाल



यूपी में तीसरे राउंड की वोटिंग खत्म होने के साथ ही समाजवादी पार्टी को लगने लगा है कि हवा उनके पक्ष में है। हालांकि भाजपा भी दावे कमोबेश कुछ ऐसा ही कर रही है। लेकिन धरातल के रूझान तो मतगणना के दिन की पता चलेंगे। लेकिन समाजवादी पार्टी के बड़े नेता पूरी तरह आश्वस्त हैं कि सरकार इस बार उन्हीं की ही बनेगी। क्यों लगता है उन्हें ऐसा, इसी को लेकर समाजवादी पार्टी वरिष्ठ और कदावर नेता प्रो. रामगोपाल यादव से डॉ. रमेश ठाकुर की विस्तृत बातचीत। पेश हैं बातचीत के मुख्य हिस्से।

**प्रश्न: तीसरा चरण सिमट चुका है, किस स्थिति में पाते हैं समाजवादी पार्टी को आप?**

वोटिंग के दिन मतदान बूथ से निकलने वाले हर दूसरे मतदाता से आप पूछेंगे तो आपको जवाब आसानी से मिल जाएगा। जवाब होगा साइकिल। दरअसल, साइकिल इस बार बदलाव का वाहक मानी जा रही है। झूठ, ठोंग, फरेब, चाल फेरी, दगाबाजी आदि छद्म प्रचारों से प्रदेश की जनता आजिज आ चुकी है। अब इनसे छुटकारा पाती है जिसकी शुरुआत जनता ने पहले चरण से ही वोट के चोट के जरिए कर दी है। भाजपा प्रदेश से अपना अब समय रहते बोरी बिस्तर समेट ले।

**प्रश्न: भाजपा भी आश्वस्त है कि सरकार उनकी ही रिपीट होगी?**

ये लोग झूठ बोलने और झूठा प्रचार करने में पीएचडी किए हुए हैं। माहिर हैं दुष्प्रचार फैलाने में। उनके आईटी सेल के लोग यही तो करते हैं रात-दिन। पश्चिम बंगाल में क्या हुआ, सबने देखा। वहां भी मक्कारी से चुनाव जीतने में लगे थे, लेकिन बंगालियों ने खदेड़ा कर दिया। उत्तर प्रदेश की ही नहीं, समूचे हिंदुस्तान की जनता इनसे वाकिफ हो चुकी है। बुनियादी मुद्दों से उनका कोई वास्ता नहीं होता। बिलावजह के मसले, जिन्ना, अब्बाजान, और हिंदू-मुस्लिम करते रहते हैं। महंगाई सर्वाधिक ऊंचाई पर जिस पर ये लोग जरा भी नहीं बोलते। 2017 में जो खाने की दाल 50 रुपए की बिकती थी, वो 200-250 रूपए प्रति किलो बिक रही हैं। 400 रुपए का सिलेंडर हजार पार कर गया है। 60 का पेट्रोल 100 हो गया है। इसका इनके पास कोई हिसाब नहीं है।

**प्रश्न: फ्री के राशन वितरण को भाजपा अपनी बड़ी उपल्बिधी मान रही है?**

ये उनकी जिम्मेदारी है जिसे कोरोना संकट में इनको करना था। मेरी समझ में नहीं आता ये कितने बेशर्म लोग हैं।

# अखिलेश की पहले पलायन-दंगाइयों पर चुप्पी और अब आतंकवाद पर खामोशी

*गुजरात में सीरियल ब्लास्ट के 38 आरोपियों को कोर्ट द्वारा दोषी करार देते हुए फांसी से लेकर 11 को आजीवन कारावास तक की सजा सुनाई तो बीजेपी ने गुजरात के सीरियल ब्लास्ट की घटना का कनेक्शन समाजवादी पार्टी से जोड़ दिया। क्योंकि ब्लास्ट की जिस घटना में आजमगढ़ के रहने वाले एक आतंकवादी को फांसी की सजा सुनाई गई थी, उसके पिता समाजवादी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। कोर्ट का फैसला आते ही प्रधानमंत्री मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तमाम बीजेपी नेताओं ने अखिलेश को घेरने में कोई कोरकसर नहीं रखी। उन्नाव में प्रधानमंत्री मोदी के तो हरदोई में योगी के निशाने पर अखिलेश रहे।*

उत्तर प्रदेश में तीन चरणों का मतदान हो चुका है। चौथे चरण का मतदान 23 फरवरी को सम्पन्न हो जाएगा। विभिन्न दलों नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार बना हुआ है। समाजवादी पार्टी जहां भाजपा को मंहगाई और बेरोजगारी को हथियार बनाए हुए हैं तो वहीं बीजेपी ने रणनीति के तहत पहले दो चरणों के चुनाव में पश्चिमी यूपी से हिन्दुओं के पलायन, दंगे और दंगाइयों को टिकट देने के बहाने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को घेरा तो तीसरे चरण में बीजेपी ने परिवारवाद के नाम पर सपा पर तंज कसे। चौथे चरण में आतंकवाद की इंट्री हो गई।

गुजरात में सीरियल ब्लास्ट के 38 आरोपियों को कोर्ट द्वारा दोषी करार देते हुए फांसी से लेकर 11 को आजीवन कारावास तक की सजा सुनाई तो बीजेपी ने गुजरात के सीरियल ब्लास्ट की घटना का कनेक्शन समाजवादी पार्टी से जोड़ दिया। क्योंकि ब्लास्ट की जिस घटना में आजमगढ़ के रहने वाले एक आतंकवादी को फांसी की सजा सुनाई गई थी, उसके पिता समाजवादी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। कोर्ट का फैसला आते ही प्रधानमंत्री मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तमाम बीजेपी नेताओं ने अखिलेश को घेरने में कोई कोरकसर नहीं रखी। उन्नाव में प्रधानमंत्री मोदी के तो हरदोई में योगी के निशाने पर अखिलेश रहे। उन्नाव में मोदी ने सपा के चुनाव निशान साइकिल को लेकर अखिलेश पर खूब शब्दबाण चलाए। बीजेपी वालों ने गुजरात में सीरियल ब्लास्ट पर कोर्ट के फैसले पर तो अखिलेश को घेरा ही इसके अलावा आतंकवाद के वह बंद पन्ने भी खोल दिए जिसकी इबारत अखिलेश सरकार के समय तमाम खूंखार आतंकवादियों से मुकदमें वापस लेकर लिखी गई थी। इसी लिए राजनीति के जानकार भी कहते हैं कि आतंकी हमले के आरोपितों के प्रति सपा द्वारा साफ्ट कार्नर अपनाने का भाजपा का आरोप पूरी तरह निराधार नहीं है। अखिलेश सरकार के दौरान 2013 में सात जिलों में आतंकी हमले से जुड़े 14 केस एक साथ वापस लिए गए थे। हालांकि, कुछ मामलों में अदालत के मना करने के बाद आरोपितों को 20-20 साल तक की सजा तक हुई थी। सीएम रहते अखिलेश ने जिन 14 मामलों को वापस लेने का आदेश दिया था। उनमें लखनऊ के छह और कानपुर के तीन मामले थे। इसके अलावा वाराणसी, गोरखपुर, बिजनौर, रामपुर और बाराबंकी का एक-एक मामला था। पांच मार्च, 2013 को वाराणसी के जिस मामले को वापस लिया गया था, वह सात मार्च 2006 में संकट मोचन मंदिर एवं रेलवे स्टेशन कैंट पर हुए सिलसिलेवार बम धमाके से जुड़ा था। वाराणसी में एक प्रेशर कुकर में घड़ी लगा विस्फोटक दशाश्वमेध घाट पर किया गया था। इस आतंकी हमले में



■ गुजरात में सीरियल ब्लास्ट के 38 आरोपियों को कोर्ट द्वारा दोषी करार देते हुए फांसी से लेकर 11 को आजीवन कारावास तक की सजा सुनाई

28 लोगों की मौत हुई थी और 101 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इसमें मुख्य आरोपित आतंकी संगठन हूजी से जुड़ा शमीम अहमद है। वैसे केस वापस लेने के बावजूद यह मामला अदालत में लंबित है। इसी तरह से 20 मई, 2007 को गोरखपुर के बलदेव प्लाजा, जरकल बिल्डिंग और गणेश चौराहा पर हुए सिलसिलेवार विस्फोट के मामले को राज्य सरकार ने वापस ले लिया। वैसे अदालत ने सरकार के आदेश को मानने से इन्कार कर दिया और बाद में दोषियों को 20 साल सश्रम कारावास की सजा हुई। वहीं कई मामलों में अदालत ने सरकार के फैसले को मानते हुए केस को खत्म कर दिया और आरोपित पूरी तरह से दोषमुक्त हो गए। चौथे चरण के मतदान के लिए हरदोई में पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसभा करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर खूब निशाना साधा। शाहाबाद की जनसभा में मुख्यमंत्री बोले, गुजरात में आतंकियों को फांसी की सजा सुनाई गई तो सपा को बहुत तकलीफ हुई। देश के दुश्मन भी इनके दोस्त हैं।

उन्होंने कहा, क्या अखिलेश प्रदेश की जनता को बताएंगे कि उन्होंने राम मंदिर और सीआरपीएफ कैंप पर हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमें क्यों वापस लिए थे। सीएम योगी बोले, आज मैं इसीलिए आपके पास आया हूं। जब 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार आई थी तो इन्होंने सबसे पहले आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिया। एक-दो नहीं बल्कि, डेढ़ दर्जन आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिया था। मैं आज समाजवादी पार्टी के मुखिया से पूछना चाहता हूं कि उनको जनता की अदालत में स्पष्टीकरण देना चाहिए कि उन्होंने किस हैसियत से उत्तर प्रदेश और देश की सुरक्षा के लिए घातक बने आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का दुस्साहस किया था। आखिर सपा को आतंकियों से इतनी हमदर्दी क्यों है। गौरतलब हो, गुजरात के एक न्यायालय ने गुजरात में सीरियल ब्लास्ट के मामले में 38 आतंकवादियों को फांसी की सजा सुनाई थी। उसमें आठ आतंकियों का संबंध आजमगढ़ से है। एक आतंकी का बाप समाजवादी पार्टी का प्रचारक है। हरदोई में सपा प्रमुख अखिलेश पर तंज कसते हुए योगी ने कहा,'मैं अब्बा जान तभी बोलता था, क्योंकि मैं इनकी हरकतों को देखता था। सपा को जनता से माफी मांगनी चाहिए। सपा उत्तर प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं पूछना चाहता हूं क्या राजनीति इतनी बड़ी हो गई है कि देश की सुरक्षा के लिए कोई जगह नहीं है। सपा को इस पर विचार करना चाहिए। लब्बोलुआब यह है कि बीजेपी आलाकमान अखिलेकश राज में हुए साम्प्रदायिक दंगों, आतंकवाद,गुंडा-माफियाओं को संरक्षण, लव जेहाद, तुष्टिकरण की सियासत और पारिवारिक कलह के सहारे घेरकर सपा प्रमुख की बोलती बंद करने में लगी है, जिसमें वह कामयाब भी होती दिख रही है। अखिलेश बीजेपी नेताओं के किसी भी आरोपों का जबाव नहीं दे रहे हैं। इसी वजह से सपा प्रमुख की विश्वसनीयता पर तो सवाल खड़े हो ही रहे हैं आम जनता के बीच भी अखिलेश की इमेज को नुकसान हो रहा है। वही राजनीति के कुछ जानकार यह भी कह रहे हैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव बीजेपी के उठाए मुद्दों पर बयानबाजी करने के बजाए अपने द्वारा तैयार की गई सियासी पिच पर बैटिंग करने में लगे हैं, यदि अखिलेश बीजेपी नेताओं के बयान का उत्तर या सफाई देने लगे तो वह अपने द्वारा तैयार किए गए मुद्दों से भटक जाएंगे जो वह नहीं चाहते हैं।

# तीसरा चरण में मुलायम कुनबे की होगी सबसे बड़ी और कड़ी परीक्षा

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव का तीसरा चरण 20 फरवरी को मतदान के साथ सम्पन्न हो जाएगा। तीसरे चरण में सबसे अधिक प्रतिष्ठा समाजवादी कुनबे के नेताओं की जीत-हार पर टिकी हुई है। तीसरे चरण में ही समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं उनके चचा शिवपाल यादव के भाग्य का फैसला होगा। करहल विधान सभा सीट पर अखिलेश के खिलाफ भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री और दलित नेता एसपी बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके अलावा इसी चरण में फर्रुखाबाद सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद, कन्नौज सीट से आईपीएस से पॉलिटिशियन बने असीम अरुण, कानपुर नगर के महाराजपुर



विधानसभा सीट से योगी सरकार में मंत्री सतीश महाना,सादाबाद सीट से कभी बहुजन समाज पार्टी का ब्राह्मण चेहरा रहे और अब बीजेपी के प्रत्याशी रामवीर उपाध्याय,सिरसागंज सीट से बीजेपी के प्रत्याशी और मुलायम सिंह यादव के समधी हरिओम भी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। सबसे चर्चित मुकाबला करहल में अखिलेश बनाम एसपी सिंह के बीच होने की उम्मीद है। अखिलेश करहल से न केवल प्रत्याशी हैं, बल्कि समाजवादी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी हैं। इसी के चलते करहल विधान सभा सीट इतनी वीआईपी हो गई है कि यहां से समाजवादी प्रत्याशी और पूर्व सीएम अखिलेश यादव को जिताने के लिए पूर्व सपा प्रमुख और अखिलेश के पिता मुलायम सिंह तक को भी मैदान में कूदना पड़ गया। मुलायम का स्वास्थ्य काफी खराब चल रहा था, उन्हें यहां तक पता नहीं था कि करहल से अखिलेश चुनाव लड़ रहे हैं, जनसभा को संबोधन के दौरान जब पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव ने नेताजी को याद दिलाया कि अखिलेश उम्मीदवार हैं, उनके लिए वोट मांगे तब मुलायम ने अखिलेश के लिए वोट मांगा। मुलायम की सांस बुरी तरह से फूल रही थी। करहल में अखिलेश को जिताने के लिए लम्बे समय से प्रोफेसर रामगोपाल यादव और धमेन्द्र यादव सहित तमाम सपा के दिग्गज नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।

# उत्तर प्रदेश चुनाव का तीसरा चरण: आलू किसान भी चाहते हैं एमएसपी



उत्तर प्रदेश में चुनाव का तीसरा चरण आते-आते सियासी मुद्दे काफी बदल गए हैं। तीसरे चरण में न तो जाट वोटरों की नाराजगी की बात हो रही है, न ही गन्ने की मिठास या कड़वाहट पर चर्चा हो रही है। एक साल से अधिक तक चला किसान आंदोलन भी इस चरण में हासिए पर चला गया है। यहां मुस्लिम सियासत की तपिश भी कम ही दिखाई दे रही है। तीसरे चरण में बात हो रही है तो यादव वोट बैंक की, समाजवादी गढ़ की, फूलों की खेती और इत्र कारोबार की, कानपुर के उद्योग धंधो की, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा आलू किसान हैं। तीसरे चरण कन्नौज में भी मतदान होगा। कन्नौज इत्र कारोबार के लिए प्रसिद्ध है तो यह भी सच्चाई है कि कन्नौज की सीमा शुरू होते ही गांव-खेतों में हर तरफ आलू ही आलू नजर आने लगता है। कहीं आलू की खोदाई चल रही है, तो कहीं खुदाई के बाद खेतों ट्रैक्टरों पर आलू की बोरियां लादी जा रही हैं। भारत में आलू पहली बार 17वीं शताब्दी में यूरोप से आया था। वर्तमान में आलू की खेती देश के लगभग हर हिस्से में होती है लेकिन इसके उत्पादन में पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश काबिज है। देश का लगभग 32 प्रतिशत आलू का उत्पादन इकलौते उत्तर प्रदेश में होता है। फर्रुखाबाद, कन्नौज, मैनपुरी और कानपुर के अरौल-बिल्हौर क्षेत्र की आलू बेल्ट में सड़क किनारे आलू के खेत दिखते हैं तो 258 शीतगृह भी. ये इस बात की गवाही देते हैं कि यहां ज्यादातर किसान आलू उगाते हैं. इनकी संख्या करीब साढ़े चार लाख के करीब है।

# नगर परिषद सांची ने कचरा से खाद बनाने प्लांट बन रहा

**सांची।** स्वच्छता को लेकर नगर परिषद ने कमर कस ली है। नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित वीरान गांव दरगुआं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एमआरएफ सेंटर तैयार कर प्लांट निर्मित किए गए हैं। इस प्लांट में कचरों को अलग- अलग श्रेणी में करने व खाद तैयार करने की जुगत भिड़ा दी गई है जिससे नगर तो साफ होगा ही साथ ही में खाद तैयार की जा सकेगी।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद सांची ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कवायद शुरू कर दी है इस कवायद के तहत नगर से गीला व सूखा कचरा तथा पॉलिथीन कांच प्लास्टिक सहित नगर में जगह- जगह सड़कों पर डाली जाने वाली मिट्टी पत्थर तुकड़े, मलवा आदि इकट्ठा कर व्यवस्था जुटाई गई है। सेंटर पर कचरा पहुंचाने के लिए मार्ग से जोड़ने सड़क निर्माण भी विचाराधीन है। इस सेंटर पर लाकर गीले सूखे कचरे को अलग किया जाएगा । इन सबके भंडारण होने पर इसे विक्रय किया जाएगा अथवा किसी एनजीओ के माध्यम से कचरों की श्रेणी से आय भी अर्जित की जा सकेगी। नगर के सेप्टिक टैंकों की सफाई कर इस प्लांट में लाकर मल व पानी को अलग- अलग श्रेणी में कर खाद तैयार की जाएगी। इसको गार्डेनिंग में उपयोग में लाया जा सकेगा। तीसरी श्रेणी के




अंतर्गत नगर में जगह- जगह सड़कों गलियों मुहल्लो में बिखरे पड़े पत्थर, ईंट टुकड़े, मिट्टी मुरम तथा नगर में निर्मित होने वाले नवीन भवन तथा पुराने भवनों की निर्माण सामग्री को लाकर अलग-अलग रखने की योजना बनाई गई है जब कभी नगर में आवश्यकता पड़ने पर इसी मटेरियल को उपयोग में लाया जा सकेगा। चौथी श्रेणी के तहत गीले कचरे को प्लांट में अलग थलग कर खाद तैयार किए जाने की योजना बनाई गई है।

इस प्रकार नगर में गीले सूखे कचरे के साथ नगर में फेरी गंदगी को दूर कर प्लांट में खाद तथा कचरों की श्रेणी से आय अर्जित करने की भी नप ने जुगत भिड़ा दी है। नगर को स्वच्छता की श्रेणी में लाकर खड़ा करने हेतु प्रयास रत है। नप के उपयंत्री अचल शिवहरे ने बताया कि हम नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जो भी जरूरी प्रयास कर रहे हैं वह करते रहेंगे। हम गीले सूखे कचरों की अलग अलग श्रेणी बना कर आय अर्जित करने का जरिया बनाएंगे। सीएमओ आरडी शर्मा ने बताया कि हम पूरी तरह प्रयास कर रहे हैं कि इस ऐतिहासिक स्थल को इसके अनुरूप ढालने की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। हम नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## सर्वर खराब होने से गेहूं बिक्री के लिए पंजीयन कराने में परेशानी




**दीवानगंज।** दीवानगंज सहकारी में किसानों के ऑनलाइन पंजीयन हो रहे हैं। सर्वर डाउन होने के कारण कई किसानों के अभी तक पंजीयन नहीं हुए हैं। रबी विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 5 फरवरी से प्रारंभ किए गए हैं। कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे द्वारा जिले में 116 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इन केन्द्रों पर पंजीयन कार्य 5 फरवरी से 5 मार्च तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। दीवानगंज सोसाइटी में किसान पंजीयन कराने जा रहे हैं मगर सर्वर डाउन होने के कारण किसानों के पंजीयन नहीं हो रहे हैं दीवानगंज सोसाइटी में सोमवार को सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक केवल दो ही पंजीयन हो पाए किसान अपना काम छोड़कर सोसाइटी पहुंचते हैं मगर वहां से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। जबकि 5 फरवरी से पंजीयन का कार्य जिले में प्रारंभ हो गया है मगर अभी तक 15 दिन बीत जाने के बाद भी कई किसानों के पंजीयन का कार्य नहीं हुआ है इस मामले में ऑपरेटर अनीश खान का कहना है कि सर्वर डाउन चल रहा है जिससे किसानों के पंजीयन करने में काफी समय लग रहा है सोमवार सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक केवल दो ही किसानों के पंजीयन हो पाए हैं सर्वर डाउन होने के कारण दीवानगंज सोसाइटी में किसानों की भीड़ लगी हुई है।

## पांच हजार रुपये से अधिक बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटे



**दीवानगंज।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया राशि वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बिजली उपभोक्ताओं से बकाया राशि कंपनी में जमा कराने आग्रह किया गया है। जिन उपभोक्ताओं के 5000 रुपये से अधिक बिल बकाया हैं उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। दीवानगंज के आसपास ग्रामीण इलाकों में बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जा रहे हैं। दस दिनों में दीवानगंज में 90 कनेक्शन काटे गए। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोज 30 से 40 कनेक्शन काटे जा रहे हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया राशि वसूली के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के अंतर्गत बकाया राशि वसूली के लिए घर-घर जाकर बिजली कर्मचारी व अधिकारी राजस्व वसूली में लगे हैं। कंपनी के सभी वृत्त कार्यालयों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर मैदानी स्तर पर राजस्व वसूली की वृद्धि के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सभी मैदानी अधिकारियों को बकाया राशि वसूली करने, भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत सीफार्म एवं कुर्की करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि विजीलेंस द्वारा बनाए गए प्रकरणों में बकाया राशि की वसूली भी तेज की जाए। इसके अलावा ऑडिट द्वारा निकाली गई बकाया राशि और अन्य कारणों से बकाया राशि को उपभोक्ता के बिल में जोड़कर राजस्व वसूली की जाए। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि काटे गए कनेक्शनों की रात्रि में चेकिंग की जाए ताकि बकायादार उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें और यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध बिजली अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण बनाया जाए। पांच हजार रुपये से ऊपर वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। इसमें जिन उपभोक्ताओं ने अभी बिल जमा नहीं किए है वह शीघ्र बिल जमा करें नहीं तो आने वाले समय में कनेक्शन काटे जाएंगे।























# बिपाशा से पहले दो और अभिनेत्रियों से शादी कर चुके थे करण सिंह ग्रोवर

*हैंडसम हंक करण सिंह ग्रोवर 23 फरवरी को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। करण टीवी की दुनिया के मशहूर एक्टर रहे हैं। दिल मिल गए सीरियल में उन्हें खूब पसंद किया गया। उन्होंने अलोन, हेट स्टोरी जैसी फिल्मों में भी काम किया है। हालांकि एक्टर के करियर से ज्यादा वे अपनी शादियों को लेकर चर्चा में रहे। करण ने 2016 में बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु से शादी की थी। दोनों क्यूट केमेस्ट्री शेयर करते हैं। फैंस इस कपल को काफी पसंद करते हैं। लेकिन बिपाशा बसु से पहले करण दो बार शादी कर चुके थे।*

## श्रद्धा निगम

*करण सिंह ग्रोवर और श्रद्धा निगम ने 2008 में शादी की थी। दोनों की मुलाकात एक कॉमन फोटोग्राफर दोस्त के जरिए हुई थी। ये शादी लंबे वक्त नहीं चल पाई और दोनों साल 2009 में अलग हो गए। श्रद्धा निगम ने एक इंटरव्यू में कहा था- मैंने अपनी पूरी कोशिश की ये शादी नहीं टूटे। मेरे सभी प्रयासों के बावजूद शादी आगे तक नहीं पहुंच पाई। 2012 में श्रद्धा ने टीवी एक्टर मयंक आनंद से शादी की।*



## जेनिफर विंगेट

*इसके बाद करण जेनिफर विंगेट के साथ प्यार में पड़े। ऑन स्क्रीन और ऑफ स्क्रीन दोनों की जोड़ी को खूब पसंद किया जाने लगा। साल 2012 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। दोनों दो साल ही साथ रहे। करण सिंह ग्रोवर की दूसरी पत्नी जेनिफर विंगेट ने एक्टर पर चीटिंग का इल्जाम लगाया था। करण संग शादी टूटने की खबर खुद जेनिफर विंगेट ने सोशल मीडिया के जरिए थी। करण और बिपाशा ने फिल्म अलोन में साथ में काम किया था। इसी दौरान उनके अफेयर की खबरें सामने आने लगी थीं।*

# चित्रांगदा सिंह ने गो फर्स्ट की एयर होस्टेस को लताड़ा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर गो फर्स्ट की खिंचाई करते हुए एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फ्लाइट के अंदर का एक वीडियो साझा करते हुए असभ्य एयर होस्टेस को लताड़ा और कहा कि वह बहुत निराश हैं। चित्रांगदा ने हवाई जहाज के अंदर का एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में चित्रांगदा पहले अपना टिकट दिखाती हैं। फिर अपने फोन के कैमरे को एयर होस्टेस की तरफ करते हुए लिखती हैं, ÷मुंबई से दिल्ली के लिए फ्लाइट 391 गोएयर में अब तक की सबसे खराब एयर होस्टेस है !!उन सभी को कृपया कुछ शिष्टाचार सिखाएं। मैंने कभी इतना अभिमानी रवैया नहीं देखा है! उन सभी से बेहद निराश हूं। इसने मुझे में मेरे सबसे बुरे अनुभवों की याद दिला दी। इसके बाद चित्रांगदा ने अपनी अगली स्टोरी में स्पष्ट करते हुए लिखा, ये घटना मेरे साथ नहीं बल्कि मेरे बगल में बैठे व्यक्ति के साथ हुई थी। वह व्यक्ति बीमार और एयर होस्टेस के साथ बेहद विनम्र व धैर्यवान था। लेकिन क्रू लोगों ने उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। बता दें कि इस हफ्ते की शुरुआत में, अभिनेता आर्य बब्बर ने भी इसी तरह की एक घटना का एक वीडियो साझा किया था, जो उन्होंने गो फर्स्ट फ्लाइट में यात्रा करते समय अनुभव किया था। उन्होंने बताया था कि उनका पायलट के साथ मौखिक विवाद हो गया था। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किए गए वीडियो में अभिनेता को पायलट से बात करते हुए दिखाया गया है। आर्य द्वारा किए गए एक मजाक और पायलट के नाराज होने के बाद बहस शुरू हो गई।



# आखिरी दिनों में हड्डियों का ढांचा बनकर रह गई थीं मधुबाला

**वेलेंटाइन** डे के दिन जन्मी मधुबाला अपने जमाने की बेहद खूबसूरत अभिनेत्री थीं। मधुबाला की खूबसूरती और उनकी एक्टिंग का हर कोई कायल था।आज मधुबाला की पुण्यतिथि है। 23 फरवरी 1969 को लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया था। दुनिया को अलविदा कहने से पहले मधुबाला 9 साल तक बिस्तर पर पड़ी रहीं। मधुबाला के दिल में छेद था, जिसका उस दौर में कोई ख़ास इलाज नही था। वैसे तो मधुबाला के बारे में आपने काफी कुछ पढ़ा और सुना होगा लेकिन आज हम आपको बताने जा रहे हैं वे अपने आखिरी दिनों में कैसी थीं। मधुबाला की बहन मधुर भूषण ने उनके आखिरी दिनों को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया था। वे कहती हैं, मधुबाला के दिल में छेद का पता तब चला जब वह 1954 में मद्रास में एसएस वासन की चालाक की शूटिंग कर रही थीं हालांकि ये फिल्म कभी पूरी नहीं हो पाई। वो खून की उल्टियां करती थी। मधुबाला को तीन महीने बेड रेस्ट की सलाह दी गई थी लेकिन वह काम करती रही। मुगल-ए-आजम की शूटिंग के दौरान उसे जंजीरों से बांध दिया जाता था। पूरे दिन वे इसी जंजीर में जकड़ी रहती थी। शूटिंग खत्म होने के बाद उसके हाथ नीले पड़ जाते थे। दिल की बीमारी के वजह से उनकी हालत खराब होती गई। डॉक्टरों ने कहा था कि वह सिर्फ दो साल जिंदा रह पाएंगी। वह शूटिंग में खाना खाने से भी मना कर देती थी क्योंकि उसे जेल के दृश्यों के लिए दुखी और थका हुआ दिखना होता था। उनके शरीर में आवश्यक मात्रा से ज्यादा खून बनने लगता था और ये खून उनकी नाक और मुंह से बाहर आता था।



# गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए कलाकारों ने ली करोड़ों में फीस

*द माफ़िया क्वीन ऑफ़ मुंबई की जिंदगी पर आधारित फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। दर्शक इस फिल्म के ट्रेलर को काफी सराह रहे हैं। उन्हें आलिया भट्ट और विजय राज की एक्टिंग काफी पसंद आ रही है। ऐसे में हम आज आपको बताने जा रहे हैं कि इस फिल्म को सुपरहिट बनाने के लिए इसके मेकर्स ने इसकी स्टार कास्ट को कितनी फीस दी है।*



## आलिया भट्ट

फ़िल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में मुख्य किरदार निभाने वाली आलिया भट्ट ने इस फिल्म के लिए सबसे ज्यादा फीस ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री ने 20 करोड़ रुपये की मोटी रकम ली है।

## अजय देवगन

फ़िल्म में करीम लाला का किरदार निभाने के लिए अजय देवगन ने 11 करोड़ रुपये की मोटी रकम ली है।

## विजय राज

फ़िल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में विजय राज ने रज़िया की भूमिका निभाई है। ट्रेलर देखकर ही लोग उनके अभिनय की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि विजय राज ने इस किरदार के लिए 1.5 करोड़ रुपये की फ़ीस ली है।

## शांतनु माहेश्वरी

छोटे पर्दे पर अपना कमाल दिखा चुके शांतनु माहेश्वरी अब बड़े पर्दे पर अभिनय करने जा रहे हैं। शांतनु ने अपनी डेब्यू फ़िल्मी के लिए 50 लाख रुपये की फ़ीस ली है।

## सीमा पाहवा

दिग्गज अभिनेत्री सीमा पाहवा ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है। इसके लिए अभिनेत्री ने 20 लाख रुपये तक की फ़ीस ली है।

## इमरान हाशमी

इस फिल्म में इमरान हाशमी ने कैमियो करने के लिए 3 करोड़ रुपये की मोटी रकम ली है।

## हुमा कुरैशी



आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने दिलरुबा का किरदार निभाने के लिए 2 करोड़ रुपये की फीस ली है।

## इंदिरा तिवारी

इंदिरा तिवारी एक थिएटर आर्टिस्ट हैं। इन्हों फिल्म में अभिनय करने के लिए 35 लाख रुपये की फीस ली है।

## तारीक अहमद खान

फिल्म में तारीक अहमद खान ने रहमान की भूमिका निभाई है। इसके लिए तारीक ने 15 लाख रुपये तक की फीस ली है।



# शेयर बाजारः सेंसेक्स 1000 पॉइंट्स टूटकर 57 हजार के नीचे, पहले मिनट में निवेशकों को 5 लाख करोड़ का घाटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज भारी गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स एक हजार पॉइंट्स टूटकर 56,727 पर पहुंच गया है। इस वजह से निवेशकों को पहले मिनट में 5 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।



## 56,348 पर खुला था सेंसेक्स

सेंसेक्स 56,438 पर खुला था। पहले घंटे में इसने 56,883 का ऊपरी और 56,394 का निचला स्तर बनाया। इसके सभी 30 शेयर्स नीचे कारोबार कर रहे हैं। सभी की गिरावट एक पर्सेंट से ज्यादा ही है। गिरने वाले प्रमुख स्टॉक में डॉ. रेड्डी का शेयर्स 3त्न जबकि लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, HDFC, इंडसइंड बैंक, TCS, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व 2-2% से ज्यादा गिरे हैं।

## बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील भी नीचे

इनके अलावा बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, ICICI बैंक, इंफोसिस, HDFC बैंक, एयरटेल, पावरग्रिड, HCL टेक, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, NTPC, विप्रो भी एक से डेढ़ पर्सेंट तक गिरे हैं। कोटक बैंक, नेस्ले, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ITC और महिंद्रा 1% से ज्यादा नीचे हैं।

## मार्केट कैप 252.27 लाख करोड़

लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 252.27 लाख करोड़ रुपए है जो सोमवार को 257.27 लाख करोड़ रुपए था। सेंसेक्स के 78 शेयर्स अपर सर्किट में और 378 लोअर सर्किट में हैं। इसका मतलब एक दिन में इनकी कीमतों में एक तय सीमा से ज्यादा की न तो गिरावट आ सकती है न तेजी हो सकती है। सेंसेक्स में लिस्टेड कंपनियों में से 2,295 के शेयर्स नीचे और 311 के ऊपर कारोबार कर रहे हैं। 50 स्टॉक एक साल के ऊपरी और 150 निचले स्तर पर हैं।

## निफ्टी में 278 अंकों की गिरावट

उधर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 278 अंक नीचे 16,927 पर कारोबार कर रहा है। यह 16,847 पर खुला था और यही इसका निचला स्तर था। इसका ऊपरी स्तर 16,977 था। इसके 4 प्रमुख इंडेक्स नेक्स्ट 50, मिडकैप, फाइनेंशियल और बैंकिंग एक से डेढ़ पर्सेंट टूटकर कारोबार कर रहे हैं।

## 49 शेयर्स नीचे कारोबार कर रहे हैं

निफ्टी के 50 में से 49 स्टॉक गिरावट में हैं। गिरने वाले प्रमुख शेयर्स में UPL, डॉ. रेड्डी, लार्सन एंड टुब्रो, ञ्जष्टस्न और टेक महिंद्रा हैं। बढ़ने वाले में एकमात्र ONGC का शेयर है। इससे पहले सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 149 पॉइंट्स गिर कर 57,683 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 69 अंक टूटकर 17,206 पर बंद हुआ।

# हेल्थ सर्विस पर फोकसः हिंदुजा ग्लोबल सोल्यूशंस को यूके की स्वास्थ्य सिक्योरिटी से मिला कांट्रैक्ट, 2100 करोड़ रुपए की डील

**मुंबई।** शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी हिंदुजा ग्लोबल सोल्यूशंस (॥त्रस्) की सहायक कंपनी ॥त्रस्-च लिमिटेड को च हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी (UKHSA) से 2,100 करोड़ रुपए का कांट्रैक्ट मिला है। इसके तहत यूके के नागरिकों को दो साल के समय के लिए महत्वपूर्ण ग्राहक सहायता प्रदान की जाएगी। कांट्रैक्ट के मुताबिक, दो साल की यह अवधि आगे बढ़ भी सकती है। इस पर काम पिछले हफ्ते से ही चल रहा है। इसकी 2,000 से अधिक लोगों की टीम पूरे यूनाइटेड किंगडम में वर्क फ्रॉम होम से कार्यरत हैं। च॥ह्रस्, हा॥स् टेस्ट और ट्रेस के लिए जिम्मेदार एजेंसी है। यह ठेका कोविड -19 जैसी महामारी और अन्य स्वास्थ्य से संबंधित सिक्योरिटी रिस्क जैसे कि बर्ड फ्लू के प्रकोप या भविष्य में किसी नई महामारी की स्थिति में यह कांट्रैक्ट ट्रेसिंग जैसी जरूरतों के साथ मदद करेगा।

HGS HINDUJA GLOBAL SOLUTIONS

| इसके पास 19,100 से अधिक कर्मचारी हैं | मार्च 2021 तक रेवेन्यू 5,588 करोड़ रुपए था |
|---|---|

## किसानों के लिए अच्छी खबर

# भारत में इस साल सामान्य रहेगा मानसून, ला नीना और अल नीनो से प्रभावित होता है मानसून



**नई दिल्ली।** किसानों के लिए मानसून को लेकर अच्छी खबर है। स्काईमेट ने दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान लगाते हुए बताया है कि भारत में मानसून सामान्य रहेगा। हालांकि स्काईमेट ने कहा कि यह कब तक आएगा, इसकी तीव्रता क्या होगी इसके बारे में अभी अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। इस मानसून से भारत में जून से सितंबर के बीच 75त्न से अधिक बारिश होती है। भारत में कृषि से लेकर आर्थिक नीति मानसून पर निर्भर करती है। स्काईमेट के प्रेसिडेंट एवीएम जीपी शर्मा ने बताया कि 2020 और 2021 के समय मानसून ÷ला नीना÷ घटना से प्रेरित रहे हैं। ÷ला नीना÷ का मानसून पर इस साल प्रभाव नहीं पड़ने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि प्रशांत महासागर के समुद्र की सतह का तापमान जल्द ही बढ़ने की उम्मीद है।

## ला नीना क्या होता है

ला नीना का मतलब स्पेनिश में लिटिल गर्ल होता है। इसमें समुद्र का पानी तेजी से ठंडा होता है। ला नीना से दुनिया भर के मौसम में असर पड़ता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इससे आसमान में बादल छाते हैं और बारिश होती है। भारत में कम और ज्यादा बारिश, ठंडी और गर्मी ला नीना पर ही निर्भर करता है। भारत में ला नीना के वजह से ज्यादा ठंड और बारिश की संभावना होती है।

## अल नीनो क्या होता है

अल नीनो एक जलवायु पैटर्न है। ला नीना की तरह इसका भी दुनिया भर के मौसम पर असर पड़ता है। इसमें समुद्र का तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ जाता है। इसका प्रभाव 10 साल में दो बार होता है। इसके प्रभाव से ज्यादा बारिश वाले क्षेत्र में कम और कम बारिश वाले क्षेत्र में ज्यादा बारिश होती है। भारत में अल नीनो के कारण मानसून अक्सर कमजोर होता है।

# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा:बैंक ज्यादा कस्टमर फ्रेंडली बनें, इससे उधारी लेने वालों की झंझटें कम होंगी

**मुंबई।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बैंकों को ज्यादा कस्टमर फ्रेंडली होना चाहिए। इससे लोन लेने वालों की झंझटें कम होंगी। वे बजट के बाद दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को मुंबई पहुंचीं थीं। इंडस्ट्री प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग में वित्तमंत्री ने कहा कि बैंकिंग बिजनेस को आसान बनाना चाहिए ताकि स्टार्टअप को आसानी से फंड मिल सके। इंडस्ट्री के लोगों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास का पुनरुद्धार केंद्रीय बजट 2022-23 की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। कर्ज वसूली एक सबसे महत्वपूर्ण चीज है जिस पर हमें अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



## टिकाऊ पुनरुद्धार पर फोकस

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा लक्ष्य टिकाऊ पुनरुद्धार पर है। बजट में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की योजना को जारी रखने के लिए पूंजीगत व्यय (कैपिटल खर्च) को 35.4त्न बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। यह निजी भागीदारी बढ़ाने के अलावा अर्थव्यवस्था में नए रोजगार पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे पर खर्च के लिए बजट प्रस्तावों से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा। यह बजट ऐसे समय में तैयार किया गया है जब अर्थव्यवस्था महामारी के प्रभाव से उबर रही है।


## खोजपरख को बढ़ावा

सीतारमण ने चर्चा के दौरान कहा कि सरकार खोजपरख को बढ़ावा देना चाहती है। इसके अलावा स्टार्टअप कंपनियों को भी सरकार का समर्थन जारी रहेगा। आज टेक्नोलॉजी की दम पर हम लोगों के घरों तक पहुंच सकते हैं और उनके अकाउंट्स में पैसा दे सकते हैं। पेमेंट सेवा के अलावा, केंद्र शिक्षा क्षेत्र, खेती, अन्य के लिए ढ्ढञ्ज पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## अपने बच्चे की फोन एक्टिविटी को ट्रैक करें

# कहीं आपत्तिजनक कंटेंट तो नहीं देख रहे, गूगल का सिंगल ऐप पूरी लिस्ट के साथ लोकेशन भी बताएगा

**नई दिल्ली।** बच्चे की एक जिद ऐसी होती है जिसके सामने ज्यादातर मां-बाप हार जाते हैं। ये जिद होती है स्मार्टफोन की। बच्चा सालभर का हो या 14-15 साल का, उन्हें जब भी मौका मिलता है स्मार्टफोन से चिपक जाते हैं। वे फोन की फोटो गैलरी, वीडियो, गेम, यूट्यूब, वॉट्सऐप और दूसरे सोशल अकाउंट तक चले जाते हैं। वे फोन आपके सामने देख रहे तब ठीक है, लेकिन अकेले में वे क्या कर रहे इस बात का पता होना जरूरी है। फोन पर उनकी एक्टिविटी पर ब्रेक लगाना उससे भी ज्यादा जरूरी है। स्मार्टफोन से बच्चे घंटों तक चिपके रहते हैं। एंटरटेनमेंट के चक्कर में वे अपनी सेहत भी खराब करते हैं। इसी वजह से हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनके बच्चे स्मार्टफोन से दूर रहें। इन सब के साथ पैरेंट्स के मन में एक डर ये भी होता है कि वे आपत्तिजनक कंटेंट तो नहीं देख रहे। पैरेंट्स की इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन गूगल फैमिली लिंक ऐप है। गूगल का ये ऐप कैसे काम करता है? आखिर बच्चों की एक्टिविटी पर इससे ब्रेक कैसे लगा सकते हैं? क्या इस ऐप के फोन में होने से बच्चे किसी ऐप या गेम को एक्सेस कर पाएंगे? इस तमाम सवालों के बारे में एक-एक करके जानते हैं। यदि आपसे पूछा जाए कि क्या आपका बच्चे आपके स्मार्टफोन का पैटर्न या नंबर लॉक जानता है? तब आपका जवाब %हां% में होगा।



आपकी यही हां, बच्चे के स्मार्टफोन के अंदर तक जाने का रास्ता भी है। बच्चे इतने स्मार्ट होते हैं कि आप अपने फोन का लॉक चेंज भी कर दें, तो वे इसका पता लगा ही लेते हैं। कई बार तो हम खुद ही बच्चे को फोन अनलॉक करने का तरीका बता देते हैं। इसी वजह से बच्चे स्मार्टफोन में खुद से गेम और दूसरे ऐप्स इन्स्टॉल कर लेते हैं। बाद में उसे डिलीट भी कर देते हैं।

## क्या है गूगल फैमिली लिंक ऐप?

गूगल ने इस ऐप को बच्चों द्वारा इंटरनेट का सही इस्तेमाल करने के लिए डिजाइन किया है। गूगल का कहना है ऐप से इंटरनेट को बेहतर कामों के लिए इस्तेमाल करने में अपने परिवार की मदद कर सकते हैं। आपके बच्चे छोटे हों या टीनेज, फैमिली लिंक ऐप पर आप उनके लिए इंटरनेट इस्तेमाल करने के कुछ जरूरी नियम बना सकते हैं।

# छोटे अंबानी के घर में जलसाः अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल विवाह बंधन में बंधे, कृशा से कॉलेज में हुई थी दोस्ती

**मुंबई।** रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के बड़े बेटे जय अनमोल 20 फरवरी को शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी मंगेतर कृशा शाह से शादी की है। दोनों की तमाम तस्वीरें इस समय इंटरनेट पर चल रही हैं। जय अनमोल और कृशा की यह शादी अनिल अंबानी के मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल आवास पर हुई। पाली हिल को बॉलीवुड सितारों की वजह से जाना जाता है। यहां सुनील दत्त से लेकर दिलीप कुमार तक के घर हैं। अनिल के दो बेटे हैं। जय अनमोल बड़े हैं और जय अंशुल छोटे हैं। जय अनमोल की



शादी की जानकारी टीना अंबानी ने 31 दिसंबर 2021 को ही अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दी थी। कृशा के साथ अनमोल की तस्वीरें भी इसमें थीं। इसमें उन्होंने लिखा था कि आपको प्रकाश, प्यार, आशा और खुशी की शुभकामनाएं।

इस शादी का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें अनमोल ब्राउन कलर की शेरवानी पहने हैं। अपने परिवार के साथ वे नाच रहे हैं। कुछ बारातियों ने इसमें काले रंग की कस्टमाइज्ड टी-शर्ट पहनी थी, जिस पर नो शीप इन माय सर्कल लिखा था। अनमोल और कृशा की सगाई दिसंबर 2021 में हुई थी। इसके बाद 18 फरवरी 2022 से मेहंदी सेरेमनी के साथ उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी शुरू हुई। अपनी मेहंदी सेरेमनी में कृशा जहां मल्टीकलर के लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, वहीं ऑफ व्हाइट कुर्ता-पायजामा में अनमोल भी काफी हैंडसम लग रहे थे। कृशा शाह मुंबई में पैदा हुई हैं और वे सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई मुंबई से की है और बाद की पढ़ाई अमेरिका और यूके से की हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से सोशल साइंस और कैलिफोर्निया से राजनीतिक अर्थव्यवस्था की पढ़ाई की है।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)